Title: Need to set up Central Schools in Bilaspur and Una districts of Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर) (हि.प्र.): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर एवं जिला ऊना में देश की रक्षा सेवाओं में कार्यरत एवं सेवानिवृत्तकर्मियों की बहुत अधिक संख्या एवं केन्द्रीय सरकार की सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की अत्यधिक संख्या निवास करती है, लेकिन दोनों ही जिलों में अभी तक केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना नहीं की गई है, जिसके कारण कर्मचारियों को अपने बच्चों की शिक्षा में बहुत कठिनाई आ रही है।

हिमाचल प्रदेश सीमावर्ती पहाड़ी एवं पिछड़ा राज्य है। इसलिए मेरा आग्रह है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय बिलासपुर एवं जिला मुख्यालय ऊना में एक-एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर वर्ष १९९८-९९ के वित्तीय बजट में समुचित धनराशि का प्रावधान करके अविलम्ब की जाये ताकि दोनों जिलों में रह रहे सैनिकों एवं केन्द्रीय कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था हो सके।